[illegible]

जैन-बाल-बोधक

दूसरा भाग

लेखक
पं० [illegible]
[illegible]

जैन-ग्रन्थ-रत्नाकर कार्यालय
[illegible]

विषय-सूची

पाठ-संख्या	विषय	पृष्ठ
	श्री मंगलाचरण	१
१	सम्यग्दर्शन	२
२	अविनयी बालक	३
३	देव-स्तुति (बुधजन)	५
४	दर्शन-पूजा-आरती-विनय	६
५	देव-स्तुति (दौलतराम)	७
६	उदारता (कहानी)	१०
७	जिनवाणी-स्तुति (सार्थ)	१२
८	नीरोगता (स्वास्थ्य)	१४
९	श्रावकके बारह व्रत	१६
१०	लकड़हारा (कहानी)	१७
११	गुरु-स्तुति (भूधरदास)	१८
१२	जीव और अजीव	२०
१३	मनमुख और गुनमुख	२३
१४	अहिंसा-अणुव्रत	२५
१५	बारह भावना (भूधरदास)	२७
१६	सत्यवादी बालक	२९
१७	सत्य-अणुव्रत	३२
१८	सत्यवादी चोर (कहानी)	३३
१९	सत्यकी महिमा	३५
२०	आहार या भोजन	३५
२१	चार मित्रोंका पात्र (कहानी)	३६
२२	विनयकी महिमा	३८
२३	स्वतन्त्रता अमूल्य वस्तु	३९

पाठ-संख्या	विषय	पृष्ठ
२४	रूपचन्द (कहानी)	४१
२५	पानी (जीव-रक्षा)	४३
२६	जलके कीटाणुओंसे बचो	४४
२७	नीतिके दोहे	४५
२८	रात्रि-भोजन (कहानी)	४६
२९	मेढ़क और बैल („)	४८
३०	अजीव-द्रव्यके भेद	४९
३१	उपकारका बदला : प्रत्युपकार	५३
३२	दस नियम	५५
३३	नीतिके दोहे	५६
३४	परिश्रम	५७
३५	आठ कर्म	५८
३६	समय-विभाजन	६२
३७	सत्संगति (कहानी)	६३
३८	सत्संगति-प्रशंसा (दोहे)	६७
३९	चार गतियाँ	६८
४०	अभिषेक-पाठ (मंगल)	७०
४१	सेठके पाँच पुत्र (कहानी)	७५
४२	कौन, क्या और क्यों ?	७६
४३	जीवकी तीन परिणति और दस प्राण	८०
४४	'क्या' और 'क्यारा' जीव	८५
४५	आलस और प्रमाद	८७

जैन-धर्म-दिवाकर

दीपा माल

संपादक

पहला पाठ

सम्यग्दर्शन

शिष्य—गुरुजी, सम्यग्दर्शनका क्या स्वरूप है ?

गुरु—सच्चे देव, सच्चे गुरु और सच्चे शास्त्रके श्रद्धान अर्थात् श्रद्धापूर्वक विश्वास करनेको सम्यग्दर्शन कहते हैं।

शिष्य—परन्तु गुरुजी, उस दिन शास्त्र-सभामें तो पंडितजीने कहा था कि जीव, अजीव, आस्रव, बंध, संवर, निर्जरा और मोक्ष इन सात तत्त्वोंका श्रद्धान करना सम्यग्दर्शन है। तो गुरुजी, सम्यग्दर्शन क्या दो प्रकारका होता है ?

गुरु—तुम उस समय पंडितजीसे पूछते, तो वे बता देते। वीर, अब समझ लो। वास्तवमें सत्यार्थ देव, गुरु और शास्त्रका श्रद्धान करना, और सात तत्त्वोंका श्रद्धान करना, एक ही बात है; क्योंकि देव, गुरु और शास्त्रके उपदेशमें ही सात तत्त्वोंका स्वरूप मालूम होता है। इसलिए एकका श्रद्धान करनेसे दूसरेका श्रद्धान अपने-आप हो जाता है।

शिष्य—गुरुजी, देव, गुरु और शास्त्रका श्रद्धान करनेसे सात तत्त्वोंका श्रद्धान कैसे अपने-आप हो जायगा ? और जो सात तत्त्वोंका श्रद्धान करेगा, उसको देव-गुरु-शास्त्रकी श्रद्धा कैसे अपने-आप हो जायगी ?

गुरु—अच्छा सुनो, शास्त्रोंमें ही सात तत्त्व बताये गये हैं। इसलिए जो शास्त्रमें श्रद्धान करेगा, उसे सात तत्त्वोंका ज्ञान हो जायगा। इस प्रकार जो सात तत्त्वोंका स्वरूप समझकर

पंडितजीके पड़ोसमें एक वैश्यका घर था। उसके घर अचानक ही एक दिन छप्पर गिर पड़ा। वह दौड़कर पंडितजीके घर गया, और उनसे कहने लगा—'मेरा छप्पर गिर गया है, आपके यहाँ कोई लकड़ीका खम्भा हो, तो कृपाकर दे दीजिये।' पंडितजीने अपने विद्यार्थियोंमें से रतनलालको उँगलीसे बताकर कहा—'तुम इस लड़केको ले जाओ। यह लड़का विनय-रहित लकड़के समान जड़ है, इसीको खम्भेकी जगह खड़ा करके इसके माथेपर छप्पर रख दो।' तब रतनलाल घबड़ाकर उस वैश्यसे बोला—'नहीं-नहीं, मुझे माफ करो। मुझसे छप्परका बोझ नहीं उठाया जायगा।' पंडितजीने कहा—'तुझे अवश्य ही खम्भा बननेके लिए जाना पड़ेगा, क्योंकि तू विनय-रहित खम्भा सरीखा है।' रतनलालने हाथ जोड़कर कहा—'मुझे हरगिज न भेजिये, मैं आजसे विनयी बनूंगा। आप मुझे बताइये कि विनय किसे कहते हैं और किन-किनकी विनय करनी चाहिए?' तब पंडितजीने कहा—'देव, गुरु (साधु), शास्त्र और मन्दिर ये सब पूजनीय हैं। इनको देखते ही हाथको जोड़ मस्तक नमाकर नमस्कार (प्रणाम) करना चाहिए। इसी प्रकार गुण, बुद्धि, उमर और सम्बन्ध आदिमें अध्यापक, पंडित, माता, पिता, चाचा, मामा, बड़े भाई आदि जो अपनेसे बड़े हैं, इन सबको भी हाथ जोड़कर प्रणाम करना चाहिए। इनकी जैसी आज्ञा हो, वैसा ही काम करना चाहिए। इनको पीठ देकर बैठना, इनका आदर-सत्कार न करना, कहना न मानना—ये सब अविनय है। अतएव आजसे हरगिज ऐसा

जय वीतराग-विज्ञान पूर, जय मोह-तिमिरको हरन-सूर;
जय ज्ञान अनन्तानन्त धार, दृग-सुख वीरज-मंडित अपार।
जय परमशान्त-मुद्रा-समेत, भविजनको निज अनुभूति-हेत;
भवि भागन-वश जोगे-वसाय, तुम धुनि ह्वै सुनि विभ्रम नशाय।
तुम गुण चिन्तत निज-पर-विवेक, प्रगटै, विघटै आपद अनेक;
तुम जग-भूषण दूषण-वियुक्त, सब महिमा-युक्त विकल्प-मुक्त।
अविरुद्ध शुद्ध चेतन-स्वरूप, परमातम परम-पावन अनूप;
शुभ-अशुभ-विभाव-अभाव कीन, स्वाभाविक परिणतिमय अछीन
अठदश-दोष-विमुक्त धीर, सुचतुष्टय-मय राजत गँभीर;
मुनि गणधरादि सेवत महन्त, नव-केवल-लब्धि रमाधरन्त।
तुम शासन सेय अमेय जीव, शिव गये, जाहिं, जै हैं सदीव;
भव-सागरमें दुख-छार-वारि, तारनको और न आप टारि।
यह लखि निज-दुख-गद हरन-काज, तुम ही निमित्त-कारण इलाज
जाने, तातैं मैं शरण आय, प्रभु लीजे निज दिश जो निहाय।
मैं भ्रम्यो अपनपो विसरि आप, अपनाये विधि-फल पुण्य-पाप;
निजको पर-कृत-सुख मान जान, परमें अनिष्ट इष्ट ठान।
अब दीनदयाल अनाथ धारि, हरिये सब संसृति जनित वारि;
यह परिणतिमें अपनी निवास, करिये न अनुभवो स्वपद सार।

छठा पाठ

उदारता

हरएक बालकको अपने चित्तमें ओछापन और कृपणता (कंजूसी) न रखकर हमेशा उदारता (चित्तको बड़ा) रखना चाहिए; क्योंकि उदारताके समान दूसरा कोई उत्तम गुण नहीं है। इस दुनियामें जितने भी उदार पुरुष हो गये हैं, उन सबका यश (कीर्ति) अभी तक गाया जाता है।

जयपुरमें मानमल नामक एक सद्गृहस्थ था। उसके प्यारेलाल नामका आठ वर्षका एक सुशील लड़का था। प्यारेलाल अत्यन्त उदार-प्रकृतिका था। अपने उदार-भावके कारण उसे अपने महाविद्यालयकी तरफसे बहुत सम्मान और पुरस्कार मिला था। बचपनसे ही उसमें उत्तम-उत्तम गुण मौजूद थे, परन्तु उदारता-गुण सबसे अधिक था। किसीका भला होता हो, तो उस काममें वह हमेशा आगे होकर सहायता करता था। इतना ही नहीं, किन्तु किसी दूसरेकी भलाई करनेमें अपनी हानि हो, तो भी वह अपनी हानिकी कुछ भी परवाह न करके दूसरेकी भलाई करनेमें तत्पर रहता था।

एक दिन उसके पास उसके पिताके एक अति गरीब मित्र सहायताके लिए आये थे। उन्होंने और लोगोंसे प्यारेलालकी बहुत कुछ प्रशंसा सुन रखी थी। उसके साथ-साथ यह भी सुन रखा था कि प्यारेलालकी उदारता सचमुच सराहनीय है।

[illegible]

[illegible]

[illegible]

[illegible]

[illegible]

[illegible]

[illegible]

[illegible]

[illegible]

[illegible]

[illegible]

अपने लिए रख ली। यह देख अध्यापकजीने कहा—'प्यारेलाल, तुमने खराब पुस्तक क्यों रखी, तुम तो सबसे प्रथम रहते हो?' प्यारेलालने कहा—'दूसरेको खराब पुस्तक देकर अपने-आप अच्छी रखना अन्याय है, क्योंकि दूसरेको ऐसी खराब पुस्तक देनेसे उसके मनमें दुःख होगा, इसलिए खराब पुस्तक अपने-आप लेना ही उचित समझकर मैंने यह पुस्तक अपने लिए रखी है।' यह सुनकर अध्यापक महाशय बड़े प्रसन्न हुए। सब लड़कोंके सामने अध्यापकजीने प्यारेलालके इस उदार-भावकी बहुत प्रशंसा करके सबको प्यारेलालकी तरह उदारता-गुण धारण करनेकी प्रेरणा की। जब यह बात प्यारेलालके घर मेहमानने सुनी, तो उसने खुश होकर प्यारेलालकी बहुत प्रशंसा करके उसे पाँच पुस्तकें और इनाममें दीं।

सातवाँ पाठ

जिनवाणीकी स्तुति

मन्दिरमें देव-दर्शन करनेके बाद निम्नलिखित स्तुति पढ़कर शास्त्रजीकी वन्दना करनी चाहिए।

वीर-हिमाचलसे निकली, गुरु-गौतमके मुख-कुंड टली है;
मोह-महाचल भेद चली, जगकी जड़तातप दूर गली है।
ज्ञान-पयोनिधि माहिं रली, बहु भंग तरंगनिसों उछली है;
ता शुचि शारद-गंगनदी प्रति, मैं अंजुली करि शीस चली है।१

अपने लिए रख ली। यह देख अध्यापकजीने कहा—'प्यारेलाल, तुमने खराब पुस्तक क्यों रखी, तुम तो सबसे प्रथम रहते हो?' प्यारेलालने कहा—'दूसरेको खराब पुस्तक देकर अपने-आप अच्छी रखना अन्याय है, क्योंकि दूसरेको ऐसी खराब पुस्तक देनेसे उसके मनमें दुःख होगा, इसलिए खराब पुस्तक अपने-आप लेना ही उचित समझकर मैंने यह पुस्तक अपने लिए रखी है।' यह सुनकर अध्यापक महाशय बड़े प्रसन्न हुए। सब लड़कोंके सामने अध्यापकजीने प्यारेलालके इस उदार-भावकी बहुत प्रशंसा करके सबको प्यारेलालकी तरह उदारता-गुण धारण करनेकी प्रेरणा की। जब यह बात प्यारेलालके घर मेहमानने सुनी, तो उसने खुश होकर प्यारेलालकी बहुत प्रशंसा करके उसे पाँच पुस्तकें और इनाममें दीं।

सातवाँ पाठ

जिनवाणीकी स्तुति

मन्दिरमें देव-दर्शन करनेके बाद निम्न-लिखित स्तुति पढ़कर शास्त्रजीकी वन्दना करनी चाहिए।

वीर-हिमाचलतें निकसी, गुरु-गौतमके मुख-कुंड ढरी है;
मोह-महाचल भेद चली, जगकी जड़तातप दूर करी है।
ज्ञान-पयोनिधि माहिं रली, बहु भंग तरंगनिसों उछरी है;
ता सुचि शारद-गंगनदी प्रति, मैं अंजुली कर शीस धरी है॥

आठवाँ पाठ

नीरोगता

नीरोगता समस्त सुखोंकी जड़ है। नीरोगताके समान संसारमें सुखका साधन और कोई नहीं है; क्योंकि शरीर नीरोग रहनेसे ही मनुष्य संसारके समस्त सुखोंके लिए नाना प्रकारके उद्योग या उपाय कर सकता है। रोगी मनुष्य ऐसा दुःखी और उदास रहता है कि उसे लिखना-पढ़ना आदि किसी भी कामके करनेमें उत्साह नहीं होता। अतएव मनुष्यको रोगोंसे सदा दूर ही रहना चाहिए। इसके लिए हमें अपना खान-पान और रहन-सहन ऐसा रखना चाहिए, जिससे कोई भी रोग उत्पन्न न हो; क्योंकि खान-पान और रहन-सहनकी गलतियोंसे ही बीमारियाँ पैदा होती हैं। यदि मनुष्य अपना खान-पान और रहन-सहन ठीक रखे, तो कभी भी कोई बीमारी न हो। यहाँ कुछ ऐसे उपाय बताये जाते हैं, जिनके अनुसार चलनेसे मनुष्य जीवन-भर सब तरहके रोगोंसे बचकर नीरोग रह सकता है।

नीरोग रहनेके लिए पहले तो खान करनेकी बड़ी जरूरत है। खान करनेसे शरीरका मैल धुल जाता है और मैल रहनेके कारण शरीरसे जो दुर्गन्धि निकला करती है, वह बन्द हो जाती है। जो लोग नित्य खान करते हैं, उनका शरीर निर्मल और नीरोग रहता है। जो लोग कई-कई दिन तक खान नहीं करते, उनके शरीरसे दुर्गन्धि आने लगती है। उनका शरीर भूत नहीं

ઝાલણો કોઈ વખત ગળે ઝાલણ, વખત ઝાલણ, ઉપરાંત કે ઝાલણ
ઝાલણ કે.

દિવાસા ઝાલણમાં ઝાલણો ઝાલણ ઝાલણ (ઝાલણ) ઝાલણ ઝા
ઝાલણ કે. ઝાલણમાં ઝાલણમાં ઝાલણ ઝાલણ ઝાલણ. ઝાલણ ઝાલણ
ઝાલણ કે. ઝાલણ ઝાલણમાં ઝાલણ કે. ઝાલણમાં ઝાલણ ઝાલણ
ઝાલણો ઝાલણ ઝાલણ. ઝાલણમાં ઝાલણ ઝાલણ ઝાલણ ઝાલણ
ઝાલણ ઝાલણ ઝાલણ, ઝાલણ ઝાલણ ઝાલણ ઝાલણ, ઝાલણ
ઝાલણ ઝાલણ. ઝાલણમાં ઝાલણ ઝાલણ ઝાલણ ઝાલણ, ઝાલણ
ઝાલણ ઝાલણ ઝાલણ ઝાલણ ઝાલણ. ઝાલણ ઝાલણ ઝાલણ ઝાલણ
ઝાલણ ઝાલણ ઝાલણ ઝાલણ ઝાલણ ઝાલણ ઝાલણ ઝાલણ ઝાલણ
ઝાલણ ઝાલણ ઝાલણ ઝાલણ ઝાલણ ઝાલણ ઝાલણ ઝાલણ ઝાલણ
ઝાલણ ઝાલણ ઝાલણ ઝાલણ ઝાલણ ઝાલણ ઝાલણ ઝાલણ ઝાલણ
ઝાલણ ઝાલણ ઝાલણ ઝાલણ ઝાલણ ઝાલણ ઝાલણ ઝાલણ ઝાલણ
ઝાલણ ઝાલણ ઝાલણ ઝાલણ ઝાલણ ઝાલણ ઝાલણ ઝાલણ ઝાલણ
ઝાલણ ઝાલણ ઝાલણ ઝાલણ ઝાલણ ઝાલણ ઝાલણ ઝાલણ ઝાલણ
ઝાલણ ઝાલણ ઝાલણ ઝાલણ ઝાલણ ઝાલણ ઝાલણ ઝાલણ ઝાલણ
ઝાલણ ઝાલણ ઝાલણ ઝાલણ ઝાલણ ઝાલણ ઝાલણ ઝાલણ ઝાલણ
ઝાલણ ઝાલણ ઝાલણ ઝાલણ ઝાલણ ઝાલણ ઝાલણ ઝાલણ ઝાલણ
ઝાલણ ઝાલણ ઝાલણ ઝાલણ ઝાલણ ઝાલણ ઝાલણ ઝાલણ ઝાલણ
ઝાલણ ઝાલણ ઝાલણ ઝાલણ ઝાલણ ઝાલણ ઝાલણ ઝાલણ ઝાલણ

तीसरी बार देवने पानीमें डुबकी लगाकर लोहेकी असली कुल्हाड़ी लाकर कहा—"यह तुम्हारी कुल्हाड़ी है?" इस बार लकड़हारेने प्रसन्न होकर कहा—"हाँ, यही मेरी कुल्हाड़ी है।" इस प्रकार उस लकड़हारेकी निर्लोभता और सचाईको देखकर वह देव बहुत ही प्रसन्न हुआ और उसे उसकी अपनी कुल्हाड़ीके सिवा सोने और चाँदीकी कुल्हाड़ियाँ भी उपहारमें दे दीं।

लोभ करना बड़ा पाप है। शास्त्रोंमें लोभको पापका बाप कहा गया है, क्योंकि लोभ ही सब पापोंका जनक है। लकड़हारेने सोने और चाँदीकी कुल्हाड़ीका लोभ नहीं किया, तभी उसे सोने और चाँदीकी कुल्हाड़ियाँ मुफ्त मिल गईं। यदि वह लकड़हारा लोभमें आकर सोनेकी कुल्हाड़ीको अपनी कुल्हाड़ी कह देता, तो वह देव उसे झूठा समझकर उलटा दंड देता, और उसे अपनी कुल्हाड़ी भी वापस न मिलती। इसलिए लोभ न करके न्याय और सचाईसे जो कुछ मिले, उसीमें सन्तुष्ट रहना चाहिए।

ग्यारहवाँ पाठ

गुरु-स्तुति

वंदौं दिगंबर गुरु-चरन, जग तरन-तारन जान;
जे भरम-भारी-रोगको, हैं गरुड़वेद महान।
जिनके अनुग्रह बिन कभी, नहिं कटे करम-जंजीर;
ते साधु मेरे उर बसहु, मेरी हरहु पातक-पीर।१

जब शीत-मास तुषारसों, दाहे सकल वनराय;
जब जमे पानी पोखराँ, थरहरे सबकी काय।
तब नगन निवसें चौहटें, अथवा नदीके तीर;
ते साधु मेरे उर बसो, मेरी हरहु पातक-पीर।७

कर जोर 'भूधर' बीनवे, कब मिलहिं वे मुनिराज;
यह आस मनकी कब फले, मेरे सरहिं सगरे काज।
संसार - विषम - विदेशमें, जे बिना कारन वीर;
ते साधु मेरे उर बसो, मेरी हरहु पातक-पीर।८

बारहवाँ पाठ

जीव और अजीव

शिष्य—गुरुजी, जीव किसे कहते हैं?

गुरु—जिसमें जान या ज्ञान हो, वह जीव है—अर्थात् जिसमें सुख-दुःखको मालूम करनेकी ताकत है, जो चलता-फिरता, खाता-पीता और बढ़ता है, उसे जीव कहते हैं। जैसे—मनुष्य, हाथी, घोड़ा, पक्षी, कीड़े-मकोड़े, पेड़, पहाड़ वगैरह।

शिष्य—गुरुजी, जानवर वगैरह तो जीव हैं, सो मालूम है। परन्तु पेड़-पहाड़ तो चलते-फिरते या खाते-पीते नहीं, फिर ये जीव कैसे हैं?

गुरु—पेड़-पहाड़ भी खाते-पीते और बढ़ते हैं। उनमें आँख, कान, नाक और जीभ नहीं है, पर वे जमीनसे रस खींचकर अपना शरीर बढ़ाते हैं, इसलिए उनमें जान है।

जीव हैं। ये सब जीव सरदी, गरमी, धूप, छाँह, हवा या अन्य पदार्थ शरीरकी चमड़ीसे छुए जानेसे जान जाते हैं। इनके एक स्पर्श-इन्द्रियके सिवा और कोई इन्द्रिय नहीं होती।

शिष्य—दो इन्द्रिय जीव कौनसे होते हैं?

गुरु—जिनके पहली स्पर्शन और दूसरी रसना-इन्द्रिय हो, वे दो-इन्द्रिय जीव हैं। जैसे—लट, केंचुआ, शंख, जोंक वगैरह। इनके स्पर्शन और रसना ये दो ही इन्द्रियाँ होती हैं।

शिष्य—तीन-इन्द्रिय जीव कौनसे हैं?

गुरु—जिनके (१) स्पर्शन, (२) रसना और (३) घ्राण—तीन इन्द्रियाँ होती हैं, उनको तीन-इन्द्रिय जीव कहते हैं। जैसे—चींटी, खटमल, जूं वगैरह।

शिष्य—मक्खी, ततैया, भौंरा आदि कै-इन्द्रिय जीव हैं?

गुरु—इनके (१) स्पर्शन, (२) रसना, (३) घ्राण और (४) चक्षु—ये चार इन्द्रियाँ होती हैं, इसलिए इनको चार-इन्द्रिय जीव कहते हैं।

शिष्य—और पंचेन्द्रिय जीव कौन-से होते हैं?

गुरु—मनुष्य, देव, नारकी तथा गाय, बैल, घोड़ा, हाथी, चिड़िया, कौआ, कबूतर वगैरह पशु-पक्षी इन सबके पाँचों इन्द्रियाँ होती हैं, इसलिए ये सब पंचेन्द्रिय जीव हैं।

शिष्य—जीवके क्या इतने ही भेद हैं या और भी हैं?

गुरु—इनको दो भेदोंसे भी बाँटा जा सकता है—एक 'त्रस' और दूसरे 'स्थावर'। जिनके दोसे लेकर पाँच तक इन्द्रियाँ हों, उन्हें त्रस जीव कहते हैं। जैसे—आदमी, गाय, चींटी और

जीवको सताना पाप है?' मनसुखने कहा—'वाह रे, इसमें पापका क्या काम है?' धनसुखने कहा—'भाई मनसुख, तुम यह छड़ी मेरे हाथमें दो और मैं इस छड़ीसे तुम्हें मारूँ, तो तुम्हें कैसा लगे?' मनसुखने कहा—'मेरे मारेगा, तो मुझे बहुत चोट लगेगी।' धनसुखने कहा—'जब तुम्हें चोट लगेगी, तो इस पिल्लेको क्यों न लगेगी? भाई मनसुख, जिस प्रकार अपना जीव अपनेको प्यारा लगता है, उसी प्रकार कुत्ता, बिल्ली, गाय, बैल आदि सभी जीवोंको अपना जीव प्यारा लगता है। इनको मारनेसे हमारी तरह इनको भी बड़ा-भारी दुःख होता है। इसलिए किसी भी जीवको सताना, दुःख देना या पीड़ा पहुंचाना कदापि उचित नहीं है। दूसरेको दुःख देनेसे 'हिंसा' नामका बड़ा-भारी पाप लगता है।' तब मनसुखने कहा—'भाई धनसुख, तुम्हारे कहनेसे अब मुझे अच्छी तरह मालूम हो गया कि जिस प्रकार किसीके मारनेसे अपनेको दुःख होता है, उसी तरह सब जीवोंको दुःख होता है। क्यों भाई धनसुख, तुम्हें यह बात किसने समझाई?' धनसुखने कहा—'भाई, मैं जैन-पाठशालामें पढ़ता हूं। हमारी पुस्तकमें जीव-दया पालन करनेका बहुत उपदेश [illegible]

इस - हिंसा चार प्रकारकी मानी गई है। जैसे- (१) संकल्पी-हिंसा, (२) आरम्भी-हिंसा, (३) उद्यमी-हिंसा और (४) विरोधी-हिंसा।

१—अपने मनमें संकल्प या इरादा करके किसी जीवको मारने या पीड़ित करनेको 'संकल्पी-हिंसा' कहते हैं।

२—गृहस्थके घरमें जो किसी चीजके कूटने या पीसने, रसोई बनाने, बुहारी देने आदि आरम्भ, अर्थात् घर-गृहस्थीके जरूरी काम, प्रमाद-रहित होकर यत्नाचार या सावधानीसे करनेपर भी चींटी आदि अनेक जीवोंकी हिंसा होती है, उसको आरम्भी-हिंसा कहते हैं।

३—अन्नके कोठे भरने, अनाज आदि चीजें खरीदने और बेचने, खेती करने, कल-कारखाने खोलने आदि रोजगार करनेमें जो हिंसा होती है, उसको उद्यमी-हिंसा कहते हैं।

४—राजा-महाराजाओंको अपनी प्रजाकी रक्षाके लिए या देशमें शान्ति-स्थापन करनेके लिए शत्रुकी सेनासे युद्ध वगैरह करनेमें जो हिंसा होती है, उसको विरोधी-हिंसा कहते हैं।

इन चार प्रकारकी सब-हिंसाओंमें से गृहस्थ केवल संकल्पी-हिंसाका त्याग कर सकता है। अन्य तीन हिंसाओंको यथाशक्ति त्याग करनेका गृहस्थोंको प्रयत्न करना चाहिए, ऐसा [illegible] उपदेश है। इसलिए [illegible]

त्रस - हिंसा चार प्रकारकी मानी गई है। जैसे—(१) संकल्पी-हिंसा, (२) आरम्भी-हिंसा, (३) उद्यमी-हिंसा और (४) विरोधी-हिंसा।

१—अपने मनमें संकल्प या इरादा करके किसी जीवको मारने या पीड़ित करनेको 'संकल्पी-हिंसा' कहते हैं।

२—गृहस्थके घरमें जो किसी चीजके कूटने या पीसने, रसोई बनाने, बुहारी देने आदि आरम्भ, अर्थात् घर-गृहस्थीके जरूरी काम, प्रमाद-रहित होकर यत्नाचार या सावधानीसे करनेपर भी चींटी आदि अनेक जीवोंकी हिंसा होती है, उसको आरम्भी-हिंसा कहते हैं।

३—अन्नके कोठे भरने, अनाज आदि चीजें खरीदने और बेचने, खेती करने, कल-कारखाने खोलने आदि रोजगार करनेमें जो हिंसा होती है, उसको उद्यमी-हिंसा कहते हैं।

४—राजा-महाराजाओंको अपनी प्रजाकी रक्षाके लिए या देशमें शान्ति-स्थापन करनेके लिए शत्रुकी सेनासे युद्ध वगैरह करनेमें जो हिंसा होती है, उसको विरोधी-हिंसा कहते हैं।

इन चार प्रकारकी त्रस-हिंसाओंमें से गृहस्थ केवल संकल्पी-हिंसाका त्याग कर सकता है। अन्य तीन हिंसाओंको यथाशक्ति त्याग करनेका गृहस्थोंको प्रयत्न करना चाहिए, ऐसा भगवानका उपदेश है। इसलिए जिनको श्रावक बनना हो, उनको मन-वचन-काय और कृत कारित-अनुमोदनासे संकल्पी-हिंसाका त्याग तो अवश्य ही करना चाहिए। और अन्य तीन प्रकारकी हिंसाओंका, जिनमें जितना बच सके, यथाशक्ति त्याग करना चाहिए, अर्थात्

है। दासीने भय-चकित होकर पूछा—'लला, तुम इस तरह छटपटा क्यों रहे हो?' लड़केने कहा—'तू माको बुला ला। उनसे जब तक मैं अपने दुःखकी बात न कहूंगा, तब तक मैं किसी तरहसे भी नहीं जी सकता।'

दासी इस बातको सुनकर घबराहटके साथ उसकी माके पास गई, और उनसे यह बात कही। सुनते ही मा अपने लड़केके पास दौड़ी-दौड़ी पहुंची। स्वरूपचन्द्र अपनी माताको देखते ही गलेमें हाथ डालकर अपने आँसुओंसे माताका हृदय सींचने लगा। उसे इस तरह रोते देख माताने बार-बार उससे दुःखकी बात पूछी। बहुत देरके बाद उसने गद्गद स्वरमें कहा— 'मा, मुझे क्षमा करना। आज मैंने दुष्ट बालककी तरह बहुत ही खराब काम कर डाला है। मैंने एक झूठी बात कही है, और तुमसे भी छुपा रखी है। मैंने अपने मित्रोंके साथ खेलते समय एक असत्य वचन कहकर उन्हें जीत लिया, और उस जीतके लिए मैंने यह बात सर्वथा छुपा रखी। मैं अच्छी तरह जानता हूँ कि झूठ बोलना बड़ा पाप है। मुझे यहाँ या परलोकमें कभी-न-कभी इसका बहुत बुरा फल भोगना पड़ेगा। इसके सिवा बात प्रगट हो जायगी, तो सब कोई मुझे मिथ्या-वादी (झूठा) समझकर घृणा करेंगे। इसी बातकी चिन्तासे मेरा मन बहुत व्याकुल हो गया है, और इसीलिए मैंने तुम्हें बुलाया है।'—इतना कहकर वह माके मुंहकी ओर आशा-भरी आँखोंसे देखने लगा।

इसके उत्तरमें स्वरूपचन्द्रकी माने कहा—बेटा, तो कोई

किये हुए अपराधको स्वीकार या मंजूर करके उसके लिए पश्चात्ताप करता है और भविष्यमें अपनेको उन अपराधोंसे दूर रखनेके लिए दृढ़-प्रतिज्ञ हो जाता है, उसका अपराध सब जगह माफ हो जाता है। यदि इस तरहका बुरा काम आगे फिर कभी नहीं करोगे और इस कसूरके लिए मित्रोंसे माफी माँग लोगे, तो तुम्हें सब कोई प्यार करेंगे। एक बार अपराध करनेसे तुम बुरे नहीं कहला सकते।"

स्वरूपचंदको अपनी माताके इस प्रकार सोच वचन सुनकर बहुत सन्तोष हुआ और वह आरामसे सो गया। दूसरे दिन बिस्तरसे उठकर वह अपने मित्रोंके पास गया, और अपने उस अपराधको प्रगट करके उससे क्षमा माँगी, तो सब जने उसे क्षमा करके उसकी प्रशंसा करने लगे। उस दिनसे फिर कभी स्वरूपचन्दने मिथ्या-भाषण नहीं किया।

है बालको, आजतो ऐसा कोई भी आदमी न होगा, जिससे किसी प्रकारका अपराध न हुआ हो। परन्तु जो कोई अपराध हो जानेके बाद उसे स्वीकार कर लेते हैं और भविष्यमें वैसा अपराध न करनेकी दृढ़ प्रतिज्ञा कर लेते हैं, वे उच्च श्रेणीके मनुष्य समझे जाते हैं।

तुमको भी स्वरूपचन्दके समान सरल-आत्मवत् स्वभाव रखकर सदा आगे बढ़ते रहना चाहिए।

है। दासीने भय-चकित होकर पूछा—'लल्ला, तुम इस तरह छटपटा क्यों रहे हो?' लड़केने कहा—'तू माको बुला ला। उनसे जब तक मैं अपने दुःखकी बात न कहूंगा, तब तक मैं किसी तरहसे भी नहीं जी सकता।'

दासी इस बातको सुनकर घबराहटके साथ उसकी माके पास गई, और उनसे यह बात कही। सुनते ही मा अपने लड़केके पास दौड़ी-दौड़ी पहुंची। स्वरूपचन्द्र अपनी माताको देखते ही गलेमें हाथ डालकर अपने आँसुओंसे माताका हृदय सींचने लगा। उसे इस तरह रोते देख माताने बार-बार उससे दुःखकी बात पूछी। बहुत देरके बाद उसने गद्गद स्वरमें कहा—'मा, मुझे क्षमा करना। आज मैंने दुष्ट बालककी तरह बहुत ही खराब काम कर डाला है। मैंने एक झूठी बात कही है, और तुमसे भी छुपा रखी है। मैंने अपने मित्रोंके साथ खेलते समय एक असत्य वचन कहकर उन्हें जीत लिया, और उस जीतके लिए मैंने वह बात सर्वथा छुपा रखी। मैं अच्छी तरह जानता हूँ कि झूठ बोलना बड़ा पाप है। मुझे यहाँ या परलोकमें कभी-न-कभी इसका बहुत बुरा फल भोगना पड़ेगा। इसके सिवा बात प्रगट हो जायगी, तो सब कोई मुझे मिथ्या-वादी (झूठा) समझकर घृणा करेंगे। इसी बातकी चिन्तासे मेरा मन बहुत व्याकुल हो गया है, और इसीलिए मैंने तुझे बुलाया है।' इतना कहकर वह माके मुंहकी ओर आशा-भरी आँखोंसे देखने लगा।

इसके उत्तरमें स्वरूपचन्द्रकी माने कहा—'बेटा, जो कोई

किये हुए अपराधको स्वीकार या मंजूर करके उसके लिए पश्चात्ताप करता है और भविष्यमें अपनेको उन अपराधोंसे दूर रखनेके लिए दृढ़-प्रतिज्ञ हो जाता है, उसका अपराध सब जगह माफ हो जाता है। यदि इस तरहका तुरा काम आगे फिर कभी नहीं करोगे और इस कसूरके लिए मित्रोंसे माफी माँग लोगे, तो तुम्हें सब कोई प्यार करेंगे। एक बार अपराध करनेसे तुम बुरे नहीं कहला सकते।"

स्वरूपनंदको अपनी माताके इस प्रकार योग्य वचन सुनकर बहुत सन्तोष हुआ और वह आरामसे सो गया। दूसरे दिन बिस्तरसे उठकर वह अपने मित्रोंके पास गया, और अपने उस अपराधको प्रगट करके उससे क्षमा माँगी, तो सब जने उसे धन्य करके उसकी प्रशंसा करने लगे। उस दिनसे फिर कभी स्वरूपनंदने मिथ्या-भाषण नहीं किया।

है बालको, आजतक ऐसा कोई भी आदमी न होगा, जिससे किसी प्रकारका अपराध न हुआ हो। परन्तु जो कोई अपराध हो जानेके बाद उसे स्वीकार कर लेते हैं और भविष्यमें वैसा अपराध न करनेकी दृढ़ प्रतिज्ञा कर लेते हैं, वे उच्च श्रेणीके मनुष्य समझे जाते हैं।

तुमको भी स्वरूपनंदके समान अपराध-आदतको त्यागकर सत्य-भाषी बनना चाहिए।

उन्नीसवाँ पाठ

सत्यकी महिमा

साँच बराबर तप नहीं, झूठ बराबर पाप ;
जाके हिरदे साँच है, ताके हिरदे 'आप' ।१
सत्य-नावपर जो चढ़त, या भव-सिंधु अपार ;
आप तरे अरु औरको, देवे पार उतार ।२
जहाँ सत्य तहँ धर्म है, जहाँ सत्य तहँ योग ;
जहाँ सत्य तहँ श्री रहत, जहाँ सत्य तहँ भोग ।३
जो श्रावकका सुत कहे, नितप्रति साँची बात ;
मान-प्रतिष्ठा पायकर, जगमें होय विख्यात ।४
एक साँचकी आँटमें, लाखनका व्यापार ;
चलता है बाजारमें, यामें नाहिं लगार ।५
झूठेका जगमें घटे, मान, बढ़हि अपमान ;
झूठ वचनके पापतें, पावे दुःख महान् ।६
इह कारण सब जन सदा, बोलो साँची बात ;
सत्य-अणुव्रत धारकर, सुख भोगो दिन-रात ।७

बीसवाँ पाठ

आहार या भोजन

संसारके सभी जीवोंको आहारकी अत्यन्त आवश्यकता है, क्योंकि बिना आहारके कोई जीव जी नहीं सकता। और सब जीवोंको तो आहार तयार मिलता है, परन्तु मनुष्यको अपना भोजन स्वयं तैयार करना पड़ता है। मनुष्यके शरीरको

हजम हो जाता है, इसलिए दिनमें चार या पाँच बजे भोजन अवश्य करना चाहिए। रात्रिको भोजन करनेसे अनेक जीवोंकी हिंसा तो होती ही है, साथ ही भोजन करके सो जानेसे वह अच्छी तरह पचता नहीं और अनेक रोग पैदा करता है।

(५) प्रतिदिन एक ही नियत समयपर भोजन करना चाहिए, नियत समयको टालकर अथवा घंटे-आध-घंटे पहले ही भोजन करनेसे हानि होती है, इसलिए नित्य नौ बजेसे बारह बजेके भीतर, अपने निर्दिष्ट समयपर ही भोजन करना चाहिए। नौ बजेसे पहले किसी तरहका भोजन या दूध, ठंडाई, चाय वगैरह पतले पदार्थ कभी नहीं खाना-पीना चाहिए।

(६) सदा एक ही प्रकारका भोजन नहीं करना चाहिए। जैसे-जैसे ऋतु बदलती जाय, वैसे-वैसे भोजन भी बदलते रहना चाहिए। साथ ही देश, काल, उमर, उद्यम, रुचि और शरीरके बलके अनुसार भोजन भी बदलते रहना चाहिए।

इक्कीसवाँ पाठ

चोरीका फल

गंगाराम रोज पाठशाला पढ़ने जाया करता था। एक दिन वह पाठशालासे किसीका एक चाकू चुराकर अपने घर ले आया। इसपर उसकी माने कुछ भी नहीं कहा, बल्कि खुशीके मारे उस चाकूको देखकर उसके लिए बाजारसे मिठाई मँगवा दी। अब तो गंगारामको चोरीका चाव लग गया और वह चोरी करनेकी ताकमें रहने लगा। वह जो कुछ चुराकर

चोरकी यह बात सुन सब लोग उसकी माको ही धिक्कारने लगे।

इसलिए हे बालको, चोरी करना, असत्य बोलना आदि जो-जो बुरे काम हैं और जिन्हें सब समझदार लोग बुरा कहते हैं, उन्हें तुम कभी और किसीके भी कहनेसे मत करो। अगर कभी एक बार भी कोई बुरा काम करोगे, तो धीरे-धीरे गंगारामकी तरह तुम्हारी भी बुरी आदत पड़ जायगी; क्योंकि बचपनमें जो स्वभाव पड़ जाता है, वह मरते-दम तक रहता है। इसलिए बचपनसे ही अच्छे-अच्छे काम करना सीखो। जिस कामको माता-पिता आदि गुरुजन बुरा कहें, उसको कदापि मत करो। और किसीकी मा अगर गंगारामकी माके समान हो, तो उस लड़केको चाहिए कि वह अपनी माको गंगारामकी यह कहानी पढ़कर सुना दे। बेचारे गंगारामको अगर पहलेसे ऐसी कोई कहानी मालूम होती, तो वह माको सुना देता और फाँसीसे बच जाता।

बाईसवाँ पाठ

विद्याकी महिमा

नृप-पद अरु विद्या कबहुं, होत न एक समान;
नृपति पूज्य निज देशमें, सब जग विद्यावान।१
पंडितमें सब गुण लसहिं, मूढ़ दोषकी खान;
सहस मूढ़से कर कहा, पंडित एक सुजान।२
पर-नारीको मात-सम, पर-धन धूलि समान;
सब जीवनको आप सम, गिने सो पंडित जान।३

असदाचारी बालकोंकी कक्षा खोल दी और विद्यार्थियोंसे कह दिया कि जो लड़के सदाचारी हों, वे सदाचारी बालकोंकी कक्षामें बैठें, और जो असदाचारी हों, वे दूसरी असदाचारी बालकोंकी कक्षामें बैठें। यह आज्ञा सुनकर सब विद्यार्थी सदाचारी कक्षामें जा बैठे और असदाचारी कक्षामें एक भी लड़का नहीं बैठा।

यह देख अध्यापकजीने कहा—तुम तो सबके सब सदाचारी कक्षामें बैठ गये, ऐसा नहीं चाहिए। तुममें से जो-जो लड़के असदाचारी हैं, उनको दूसरी कक्षामें बैठना चाहिए।

उन लड़कोंमें से स्वरूपचन्द नामक एक सुबोध लड़का था, वह उठकर अध्यापक महाशयको हाथ जोड़कर विनयके साथ बोला—पंडितजी, सदाचारी लड़के कौन होते हैं और असदाचारी कौन होते हैं, इसका भेद समझावें, तब आपकी आज्ञाका पालन हो सकेगा।

अध्यापक—जो लड़का पाप-कार्य यानी बुरे काम करता है, वह असदाचारी है और जो पाप-कार्य नहीं करता और अपने आचरण ठीक रखता है, वह लड़का सदाचारी है।

स्वरूपचन्द—पाप-कार्य कौन-कौनसे हैं, कृपाकर बतावें।

अध्यापक—हिंसा करना, चोरी करना, झूठ बोलना, कुशील सेवन करना, परिग्रहका संग्रह करना, मायाचार यानी छल-कपट करना, क्रोध यानी गुस्सा करना, मान-अहंकार या घमंड करना, जुआ खेलना, मांस खाना, मदिरा, भंग, तमाकू आदि नशेकी चीजें पीना, लड़ाई-झगड़ा करना, चुगली करना, निंदा करना, किसीसे ईर्षा भाव रखना, देव, गुरु, शास्त्र तथा बड़ोंका

कुछ समय बाद धन्नूलाल विद्यार्थी अपनी पुस्तकको देखना छोड़ खिड़कीकी राहसे सड़ककी तरफ देखने लगा। उसके पास रूपचन्द बैठा था, उसने पंडितजीको कह दिया—"देखिये पंडितजी, धन्नूलाल सड़ककी तरफ देख रहा है।" पंडितजीने धन्नूलालकी तरफ देखा, तो वह सावधान होकर अपनी पुस्तकको पढ़ने लगा। तब पंडितजीने रूपचन्दसे पूछा—"तुम्हें कैसे मालूम हुआ कि धन्नूलाल सड़ककी तरफ देखता था?" तब रूपचन्दने कहा—"पंडितजी, मैंने अपनी आँखोंसे देखा है—वह सड़ककी तरफ देख रहा था। मैं क्या आपके सामने झूठ बोलता हूं?" पंडितजीने कहा—"बेशक तुम झूठ नहीं बोलते, परन्तु जिस वक्त तुम धन्नूलालकी तरफ देख रहे थे, उस वक्त तुम्हारी दृष्टि क्या पुस्तककी तरफ थी?" यह बात सुनकर रूपचन्द शरमा गया, और गर्दन नीची करके अपनी पुस्तककी तरफ देखने लगा। तब पंडितजीने रूपचन्दकी पीठपर हाथ फेरकर कहा—"भाई, दूसरेका दोष देखनेके लिए अपनेको दोषी नहीं बनाना चाहिए। क्योंकि वास्तवमें वही दोषी है, जो दूसरोंके दोष देखा करता है। दूसरोंके दोष देखनेवालोंको ही लोग दोषी समझते हैं। आज तो मैं तुम्हें माफ करता हूँ, पर फिर कभी ऐसा काम मत करना।"

इसलिए तुम्हें भी अपने गुण और दूसरोंके अवगुण कदापि प्रकट नहीं करना चाहिए।

लालनमें बहु दोष है, ताड़न है गुण-खान ;
तिह कारण सुत शिष्यको, ताड़, लड़ावन हान ।४
सुरभि-पुष्प-युत एक तरु, सब वन करत सुवास ;
त्यों गुनवान सुपूत इक, निज कुल करत प्रकास ।५
अग्नि-सहित तरु एक ही, करत सकल वन दाह ;
त्यों कुपूत निज वंशको, नाश करहि छिन माह ।६
वस्त्राभूषण सहित जड़, सुजन-सभा बिच जाय ;
जब लगि कछु बोले नहीं, तब लगि शोभा पाय ।७
गज-द्वार कुसमय, समर, उत्सव, व्यसन, मसान ;
इनमें जो साथी सदा, प्रकृत बन्धु सोई जान ।८

अट्ठाईसवाँ पाठ

रात्रि-भोजन-त्याग

हीरालाल क्यों मोतीलाल, इतना जल्दी - जल्दी कहाँ जा रहे हो ?

मोतीलाल—भोजन करने जा रहा हूँ ।

हीरालाल तो इतने उतावले क्यों भागे जा रहे हो ?

मोतीलाल - शाम होने आई,— अब जो देर करूँगा, तो रात हो जायगी ।

हीरालाल - रात हो जायगी, तो क्या हुआ ?

मोतीलाल - रातमें जीमना जो न हो सकेगा ।

हीरालाल क्यों, रातमें जीमनेसे क्या होता है ?

मोतीलाल क्यों, तुम इतना भी नहीं जानते ?

उनतीसवाँ पाठ

मेढ़क और बैल

एक तालाबके किनारे दो बैल आपसमें लड़ रहे थे। उस तालाबमें बहुतसे मेंढ़क थे। उनमें से एक मेढ़कने सिर उठाकर दूसरे मेढ़कसे कहा—भाई, ये बैल तो आपसमें लड़ने लगे, अब क्या करें; अपना क्या हाल होगा? यह सुनकर दूसरे मेढ़कने कहा—ये बैल लड़ते हैं, तो लड़ने दो। हम मेढक जल-जन्तु हैं और ये बैल हैं,—हमारा इनसे क्या सम्बन्ध, जो इनकी लड़ाईसे डरें या चिन्ता करें? तब पहले मेढ़कने कहा—भाई, तेरा कहना ठीक है, अपना सम्बन्ध तो इनसे कुछ नहीं है; परन्तु ये लड़ते-लड़ते इस छोटेसे तालाबमें आ पड़ें, तो अपना क्या हाल होगा? इतना कहते-कहते ही एक बैलने दूसरे बैलको धक्का दिया, तो वह तालाबमें आ पड़ा और उसके सपाटेमें वह दूसरा मेढक भी आ गया। पहला मेढक बोला—देखा भाई, तूने कहा था कि हमारा इनसे क्या सम्बन्ध है, जो चिन्ता करें? अब तो प्रत्यक्ष फल देख लिया? अपने ऊपर आ पड़ने, तो हमारी जान जाती या नहीं? भाई, जहाँ लड़ाई हो, उसके पास भी खड़ा न होना चाहिए।

इसलिए हे बालको, तुम परस्पर कलह (लड़ाई) कदापि न किया करो, और अन्य किसीमें लड़ाई होती हो, तो तुम उसके पास खड़े भी न रहो। यदि खड़े रहोगे, तो तुम्हारे ऊपर भी मेढ़की-सा संकट आ सकता है।

—

स्कन्ध कहते हैं। धूप, छाया, अँधेरा, चाँदनी, लकड़ी, कंकड़, पत्थर, मकान वगैरह सब पुद्गलके स्कन्ध या पर्याय हैं।

शिष्य—स्पर्श किसे कहते हैं और उसके कितने भेद हैं?

गुरु—स्पर्श उसे कहते हैं, जो स्पर्शन-इन्द्रियसे यानी छूनेसे जाना जाय। स्पर्श आठ प्रकारका होता है—(१) स्निग्ध (चिकना), (२) रूक्ष (रूखा), (३) शीत (ठंडा), (४) उष्ण (गरम), (५) मृदु (कोमल या नरम), (६) कर्कश (कठोर या कड़ा), (७) गुरु (भारी), (८) लघु (हलका)। जैसे—घीमें स्निग्ध, रूक्ष, पानीमें शीत, अग्निमें उष्ण, मक्खनमें मृदु, पत्थरमें लोहेमें गुरु और रुईमें लघु स्पर्श है।

शिष्य—रस किसे कहते हैं और वह कितने

गुरु—रस उसे कहते हैं, जो रसना-इन्द्रिय जाना जाय। रस पाँच प्रकारका होता है—(१) या चरपरा), (२) कटु (कडुआ), (३) कषाय (कसैला), (४) अम्ल (खट्टा) और (५) मधुर (मीठा)। जैसे—मिरचमें कटु, आँवलेमें कषैला, नीबूमें खट्टा और मीठा रस है।

शिष्य—गन्ध किसे कहते हैं और वह कि

गुरु—गन्ध उसे कहते हैं, जो घ्राण-इन्द्रि जाना जाय। गन्ध दो प्रकारकी होती है—एक और दूसरी दुर्गन्ध (बदबू)। जैसे—गुला और लहसुनमें दुर्गन्ध।

शिष्य—वर्ण किसे कहते हैं और वह

स्कन्ध कहते हैं। धूप, छाया, अँधेरा, चाँदनी, लकड़ी, कंकड़, पत्थर, मकान वगैरह सब पुद्गलके स्कन्ध या पर्याय हैं।

शिष्य—स्पर्श किसे कहते हैं और उसके कितने भेद हैं?

गुरु—स्पर्श उसे कहते हैं, जो स्पर्शन-इन्द्रियसे यानी छूनेसे जाना जाय। स्पर्श आठ प्रकारका होता है—(१) स्निग्ध (चिकना), (२) रूक्ष (रूखा), (३) शीत (ठंडा), (४) उष्ण (गरम), (५) मृदु (कोमल या नरम), (६) कर्कश (कठोर या कड़ा), (७) गुरु (भारी), (८) लघु (हलका)। जैसे—घीमें स्निग्ध, बालूमें रूक्ष, पानीमें शीत, अग्निमें उष्ण, मक्खनमें मृदु, पत्थरमें कर्कश, लोहेमें गुरु और रूईमें लघु स्पर्श है।

शिष्य—रस किसे कहते हैं और वह कितने प्रकारका है?

गुरु—रस उसे कहते हैं, जो रसना-इन्द्रिय यानी जीभसे जाना जाय। रस पाँच प्रकारका होता है—(१) तिक्त (तीता या चरपरा), (२) कटु (कड़ुआ), (३) कषाय (कसैला), (४) अम्ल (खट्टा) और (५) मधुर (मीठा)। जैसे—मिरचमें चरपरा, नीममें कटु, आँवलेमें कसैला, नीबूमें खट्टा और गुड़ या खाँडमें मीठा रस है।

शिष्य—गन्ध किसे कहते हैं और वह कितने प्रकारकी है?

गुरु—गन्ध उसे कहते हैं, जो घ्राण-इन्द्रिय यानी नाकसे जानी जाय। गन्ध दो प्रकारकी होती है—एक सुगन्ध (सुगन्ध) और दूसरी दुर्गन्ध (बदबू)। जैसे—गुलाबके फूलमें सुगन्ध और मछलीके तेलमें दुर्गन्ध।

शिष्य—वर्ण किसे कहते हैं और वह कितने प्रकारका है?

स्कन्ध कहते हैं। धूप, छाया, अँधेरा, चाँदनी, लकड़ी, कंकड़, पत्थर, मकान वगैरह सब पुद्गलके स्कन्ध या पर्याय हैं।

शिष्य—स्पर्श किसे कहते हैं और उसके कितने भेद हैं?

गुरु—स्पर्श उसे कहते हैं, जो स्पर्शन-इन्द्रियसे यानी छूनेसे जाना जाय। स्पर्श आठ प्रकारका होता है—(१) स्निग्ध (चिकना), (२) रूक्ष (रूखा), (३) शीत (ठंडा), (४) उष्ण (गरम), (५) मृदु (कोमल या नरम), (६) कर्कश (कठोर या कड़ा), (७) गुरु (भारी), (८) लघु (हलका)। जैसे—घीमें स्निग्ध, बालूमें रूक्ष, पानीमें शीत, अग्निमें उष्ण, मक्खनमें मृदु, पत्थरमें कर्कश, लोहेमें गुरु और रुईमें लघु स्पर्श है।

शिष्य—रस किसे कहते हैं और वह कितने प्रकारका है?

गुरु—रस उसे कहते हैं, जो रसना-इन्द्रिय यानी जीभसे जाना जाय। रस पाँच प्रकारका होता है—(१) तिक्त (तीता या चरपरा), (२) कटु (कडुआ), (३) कषाय (कसैला), (४) अम्ल (खट्टा) और (५) मधुर (मीठा)। जैसे—मिरचमें चरपरा, नीममें कटु, आँवलेमें कसैला, नीबूमें खट्टा और गुड़ या चीनीमें मीठा रस है।

शिष्य—गन्ध किसे कहते हैं और वह कितने प्रकारकी है?

गुरु—गन्ध उसे कहते हैं, जो घ्राण-इन्द्रिय यानी नाकसे जानी जाय। गन्ध दो प्रकारकी होती है—एक सुगन्ध (सुगन्ध) और दूसरी दुर्गन्ध (बदबू)। जैसे—गुलाबके फूलमें सुगन्ध और मट्टीके तेलमें दुर्गन्ध।

शिष्य—वर्ण किसे कहते हैं और वह कितने प्रकारका है?

गुरु—कर्म (कर या करु) तथा करण है, जो तेरह-चिह्न वाली
औलोमें आता आप। कर्म पाँच प्रकारका होता है—(i) कर्म
(करना), (ii) गोल्ल (i) रम्म (रमना), (iv) दीस (दीखना) और
(v) देख (देखना)। जैसे—औलोमें आता, मंजनसे मंजना,
पिंडूसे मारा, दंडासे पीटा और दृष्टी देखि गई है।

शिष्य—सब तो सुनाई, रमने भाद, रम पीस, मारा से
और कर्म पाँच तरह क्रियाओंके योग सुन दो गये।

गुरु—हाँ, पुरुषोंके योग सुन होते हैं।

शिष्य—अच्छा गुरुजी, कर्म-प्रयोग किसे कहते हैं?

गुरु—कर्म-प्रयोग वहाँ करते हैं, जहाँ कर्म और पुरुषोंको
बतानेके लिए कर्ताका लक्षण ऐसा हो। जैसे—सभी बालकों
द्वारा बालकोंको प्रसन्न पढ़ाया है, परन्तु इसमें कर्ता बालकोंको
बताया नहीं। यह वाक्य कुछ लक्षण लेनेसे कैसा हुआ कर्म
लक्षण और पुरुष दोनों क्रियाओंसे ही दोनोंकेलक्षण बताये हैं।

शिष्य—लक्षण-प्रयोग किसे कहते हैं?

गुरु—लक्षण-प्रयोग वहाँ करते हैं, जहाँ कर्म और पुरुषोंके
बतानेके लिए कर्ताको हो। जैसे, जैसेको दोनों ओरके कुछ पुरुषोंको
बतानेके लिए कर्ताको है, कि वे बालकों कुछ पुरुषोंको पेंसिलसे लिखी गई।
यह वाक्य लक्षण में वाक्य दोनोंको लक्ष्य कर कर्ता लक्षणसे लक्षण दोनों
बैठा हुआ लक्ष्य हो लक्षण और लक्ष्य बताये हैं।

शिष्य—तो ये दोनों और लक्षणोंसहित लक्षण और पुरुषोंको
लक्षणोंसे बताने का लिखने लगे।

गुरु—बस, जिन्हें करने का लक्षणोंसे लक्षणसे होते हैं, वस्तु

यह बात ध्यानमें रखना चाहिए कि धर्म-द्रव्य लोकमें न होता, तो सब पदार्थ एक ही जगह पड़े रहते, और अधर्म-द्रव्य न होता, तो सब पदार्थ उड़े-उड़ फिरते। दूसरी बात यह कि यहाँ धर्म-अधर्म शब्दसे साधारण धर्म-अधर्म न समझ लेना, जिनका अर्थ पुण्य-पाप है, या आत्माको मुक्त करनेवाला रत्नत्रय धर्म है।

शिष्य—काल-द्रव्य क्या है, और उसके कितने भेद हैं?

गुरु—काल-द्रव्य उसे कहते हैं, जो समस्त द्रव्योंकी पर्याय (हालतें) बदलनेमें सहकारी हो। काल-द्रव्य (१) निश्चय-काल और (२) व्यवहार-कालके भेदसे दो प्रकारका है।

शिष्य—निश्चयकाल किसे कहते हैं?

गुरु—लोकाकाशके प्रत्येक प्रदेशमें निश्चय-कालका एक-एक अणु, घड़ेमें बाजरेकी तरह, भरा हुआ है। ये कालाणु असंख्य और सूक्ष्म हैं, जो नेत्रोंसे नहीं दीखते।

शिष्य—व्यवहार-काल किसे कहते हैं?

गुरु—ऊपर बताये हुए निश्चय-काल-द्रव्यकी पर्यायको व्यवहार-काल कहते हैं। जैसे—पल, घड़ी, पहर, दिन, सप्ताह, पक्ष (पखवाड़ा), मास, वर्ष वगैरह।

शिष्य—आकाश किसे कहते हैं और वह कितने तरहका है?

गुरु—आकाश उसे कहते हैं, जो समस्त पदार्थोंको अवकाश यानी रहनेकी जगह दे। यह वह पदार्थ है, जिसमें समस्त द्रव्य रहते हैं। यह आकाश सर्वव्यापी एक ही अखंड पदार्थ है, परन्तु लोकाकाश और अलोकाकाशके भेदसे दो प्रकारका कहलाता है।

शिष्य—लोकाकाश और अलोकाकाश किसे कहते हैं?

मूल—आकाशमें जहाँ तक जीव, पुद्गल, धर्म, अधर्म और काल ये पाँच द्रव्य रहते हैं, उसको आकाशके बीच लोकाकाश कहते हैं। और लोकाकाशके बाहर चारों ओर जीव-पुद्गलोंसे शून्य जो आकाश है-आकाश है, उसे अलोकाकाश कहते हैं।

शिष्य—गुरुजी, आपने जो अभी 'अलोक' का नाम लिया है, वह क्या चीज है?

गुरु—आकाशके जितने छोटे टुकड़ेको प्रदेश कहते हैं।

इकतीसवाँ पाठ

उपकारक द्रव्य : धर्मास्तिकाय

